तापमान

अधिकतम 28 डिग्री

न्यूनतम 13 डिग्री

# हरिभूमि कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 12 फरवरी 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट में रोजाना हो रहा रोमांचक मुकाबला

4




## खबर संक्षेप

### अनियंत्रित होकर खाई में गिरी बाइक, युवक की मौत



**सोनहत।** क्षेत्र के राजपुरी निवासी एक युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार चंद्रप्रताप राजवाड़े उम्र 25 वर्ष पिता शंकर राजवाड़े निवासी ग्राम राजपुरी पंचायत बीती रात सोनहत से अपने घर लौट रहे रहे। बताया जा रहा है कि 10 फरवरी की रात मुख्यालय बस स्टैंड स्थित अपनी दुकान बंद कर वे बाइक से घर के लिए निकले थे। इसी दौरान बगधरा खांड के पास मोड़ पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड्डे में गिर गई। हादसे में युवक के चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। घटना स्थल सुनसान होने के कारण उन्हें समय पर कोई सहायता नहीं मिल सकी। पूरी रात ठंड में पड़े रहने से उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है। युवक की असामयिक मृत्यु से क्षेत्र में शोक की लहर है।

### मजदूर यूनियन का हड़ताल आज



**पटना।** मजदूर विरोधी लेबर कोड के खिलाफ एचएमएस, एटक, सीटू व इंटक के संयुक्त ट्रेड यूनियनों द्वारा 12 फरवरी को हड़ताल प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ट्रेड यूनियनों का संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा तैयारियां की गई है। यूनियन पदाधिकारियों का कहना है कि चार लेबर कोड लागू कर केन्द्र सरकार देश के कोयला उद्योग को राष्टीयकरण के पहले की स्थिति में ले जाने पर आमदा है। कोयला उद्योगों को ठेकेदारो के हवालने करने की साजिश रच दी गई है और कोयला मजदूरों को इनके खिलाफ लड़ने के अधिकार को छीनने के लिए यह लेबर कोड लाया गया है। आज के प्रस्तावित हड़ताल को सफल बनाने के लिए एटक के सुनील विश्वकर्मा, एचएमएस के अजय सिंह, सीटू के राजाराम जाता, इंटक के रविन्द्र कुमार सहित अन्य पदाधिकारी सक्रिय रहे।

### 21 वर्षीय जिनेश ने कॉस्ट अकाउंटेंट की परीक्षा उत्तीर्ण की



**मनेन्द्रगढ़।** जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ नगर एवं पूरे जिले के लिए हर्ष का विषय है कि मनेन्द्रगढ़ निवासी 21 वर्षीय जिनेश जैन ने कम उम्र में ही कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट की प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण कर एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम दर्ज कर ली है। इस सफलता के साथ ही जिनेश ने प्रदेश के सबसे कम उम्र के सीएमए बनने का गौरव भी प्राप्त किया है, जिससे न केवल उनका परिवार बल्कि पूरा क्षेत्र गौरवान्वित महसूस कर रहा है। जिनेश जैन पिता राजेश कुमार जैन कतेला, मनेन्द्रगढ़ की यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अध्ययन का परिणाम है। सीएमए जैसी कठिन और प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षा को कम उम्र में उत्तीर्ण करना आसान नहीं होता, लेकिन जिनेश ने अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण और आत्मविश्वास के बल पर यह मुकाम हासिल किया। उनकी इस सफलता ने यह सिद्ध कर दिया कि सही दिशा में किया गया परिश्रम अवश्य फलदायी होता है।

### साइबर क्राइम एवं महिला सुरक्षा मुद्दों पर जागरूकता अनिवार्य



**मनेन्द्रगढ़।** शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आयोजित विशेष शिविर के अंतर्गत साइबर क्राइम एवं महिला सुरक्षा विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित श्रीमती अनामिका चक्रवर्ती द्वारा महिला सुरक्षा एवं साइबर क्राइम पर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, जिनसे बचाव के लिए सतत जागरूकता एवं सावधानी आवश्यक है।

## स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल हुए शामिल

# महामाया मंदिर में 184 जोड़ों का सामूहिक विवाह

हरिभूमि न्यूज. बैकुंठपुर

एमसीबी जिले के मां महामाया मंदिर में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 का जिला स्तरीय सामूहिक विवाह सम्मेलन खड़गवां विकासखंड के ग्राम चनवारीडांड में किया गया। जिले के मनेन्द्रगढ़, खड़गवां, चिरमिरी एवं जनकपुर परियोजना क्षेत्र से चयनित कुल 190 जोड़ों में से 184 वर-वधुओं ने विधिवत वैवाहिक जीवन में प्रवेश किया और मां महामाया के चरणों में अपने नए जीवन की शुरूआत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि एमसीबी जिले का यह सौभाग्य है कि इतनी बड़ी संख्या में 184 जोड़ों का मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का आयोजन मां महामाया मंदिर के पावन प्रांगण में किया जा रहा है, जो शासन की संवेदनशीलता, सामाजिक जिम्मेदारी और गरीब-हितैषी सोच को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि यह भव्य आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला प्रशासन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, परियोजना अधिकारियों, जिला कार्यक्रम अधिकारी तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े के मार्गदर्शन में समन्वित प्रयासों से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। स्वास्थ्य मंत्री ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आज से उनके जीवन की एक नई यात्रा प्रारंभ हो रही है और अब उनके कंधों पर परिवार, समाज एवं संस्कृति की नई जिम्मेदारियां हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा ने कहा कि जिले में कुल 190 जोड़ों का विवाह प्रस्तावित किया गया था, जिनमें से 184 जोड़े कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर विवाह संस्कार में सम्मिलित हुए। उन्होंने बताया कि मनेन्द्रगढ़ परियोजना से 56 जोड़े, खड़गवां परियोजना से 54 जोड़े, चिरमिरी परियोजना से 19 जोड़े तथा जनकपुर परियोजना से 60 जोड़ों का चयन किया गया था, जिसमें से जनकपुर परियोजना के 54 जोड़े कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे और सभी का विवाह मां महामाया मंदिर परिसर में विधिवत रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया। उन्होंने योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत प्रति जोड़ा कुल 50,000 रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।



### वर-वधु का वाहन दुर्घटनाग्रस्त, बाल-बाल बचे

भरतपुर परियोजना से चयनित 54 जोड़े अपने परिजन के साथ 9 फरवरी की सायं तीन बसों के माध्यम से जनकपुर से विवाह स्थल के लिए रवाना हुए थे। यात्रा के दौरान नागपुर-चिरमिरी मोड़ के समीप एक बस के असंतुलित होकर गड्ढे में चले जाने से कुछ यात्रियों को हल्की चोटें आर्इं। घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग सक्रिय हो गया और बिना किसी विलंब के सभी यात्रियों को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई। उसी रात प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नागपुर में घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। अधिक दर्द अथवा चोट की शिकायत वाले 11 यात्रियों को एहतियातन जिला अस्पताल चिरमिरी ले जाकर एक्स-रे सहित समुचित उपचार एवं चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया। राहत की बात यह रही कि किसी भी व्यक्ति को गंभीर चोटें नहीं आई। एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के हाथ में प्लास्टर किया गया, जबकि तीन वधु एवं दो वर को सावधानीवश रातभर चिकित्सकीय देखरेख में रखा गया। डॉक्टरों की सलाह और उपचार के पश्चात सभी हितग्राहियों को पूर्णतः सुरक्षित 10 फरवरी की सुबह विवाह स्थल लाया गया। इसके बाद पूरे विधि-विधान, गरिमा और उल्लास के साथ मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सभी 54 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। दुर्घटना से प्रभावित दो वधु और दो वर भी इस पावन अवसर के साक्षी बने और उनका विवाह भी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिससे पूरे आयोजन में भावनात्मक संतोष और खुशी का माहौल बना रहा। विवाह कार्यक्रम के समापन के पश्चात सायं 4:30 बजे सभी 54 नवविवाहित जोड़ों को तीन बसों के माध्यम से सुरक्षित रूप से जनकपुर के लिए रवाना किया गया।

### कोरिया में 100 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में



**बैकुण्ठपुर।** राज्य शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत 10 फरवरी को पटना एवं सोनहत में 50-50 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में कुल 100 नवविवाहित जोड़ों ने विधिवत वैवाहिक बंधन में बंधकर नए जीवन की शुरूआत की। इस अवसर पर विधायक बैकुंठपुर भईयालाल राजवाड़े एवं विधायक भरतपुर-सोनहत श्रीमती रेणुका सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही जिला पंचायत सदस्यों, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य, सरपंच, पंच सहित काफी संख्या में नागरिकों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के साथ-साथ आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहयोग प्रदान करने की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना से बेटियों के विवाह में पारदर्शिता एवं गरिमा बनी रहती है तथा समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। कार्यक्रम के दौरान वैवाहिक परंपराओं के अनुसार समस्त धार्मिक रस्में संपन्न कराई गर्इं तथा नवदंपत्तियों के सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की गई।

### 50 जोड़े बंधे वैवाहिक बंधन में

**सोनहत।** विकासखंड सोनहत के ग्राम पंचायत सलगवांकला के खेल मैदान में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत 50 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। सामूहिक विवाह समारोह क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्रीमती रेणुका सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रत्येक नवविवाहित जोड़े को 35,000 की सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। वहीं विधायक श्रीमती सिंह ने प्रत्येक जोड़े को अपनी ओर से 10-10 हजार रूपए की अतिरिक्त आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। उन्होंने सभी नवदंपत्तियों को स्नेहपूर्वक आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद एवं मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना की। इस अवसर पर विधायक श्रीमती सिंह ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार बेटियों के सशक्तिकरण और उनके उज्जवल भविष्य के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना समाज के कमजोर वर्गों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे बेटियों के विवाह में आर्थिक सहयोग मिल रहा है। विवाह समारोह से पूर्व महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सोनहत के महादेव चौक से सलगवां कला तक पारंपरिक बाजे-गाजे के साथ बारात निकाली गई।



## दो दिवसीय प्रवास पर कोरिया आएंगे मुख्यमंत्री विष्णुदेव



शहर में सड़कों का हो रहा मरम्मत।

**बैकुण्ठपुर।** आगामी दो दिवस कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। संभावित कार्यक्रम 16 एवं 17 फरवरी के लिए मिनी स्टेडियम में कार्यक्रम स्थल पर विशाल डोम का निर्माण कराया गया, वहीं शहर के मुख्य मार्ग से अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई कई दिनों पूर्व संपन्न कर ली गई।

■ जिला प्रशासन जुटा तैयारियों में

इसके तहत रामानुज हाईस्कूल से लेकर ओड़गी नाका मुख्य मार्ग एवं ओड़गी नाका से झुमका मार्ग किनारे अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। मुख्य मार्ग किनारे विशेष रूप से प्रतिदिन साफ-सफाई हो रही है। इसी क्रम में ओड़गी नाका के आगे तक मुख्य मार्ग किनारे सफाई कार्य कराया जा रहा है। ओड़गी नाका के आगे तलवापारा मोड के पास जहां पर हमेशाा कचरों का ढेर लगे रहता था, वहां पर भी मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर अब साफ-सफाई करा दी गई है।

### सिविल लाइन मार्ग की हुई मरम्मत

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन जोर-शोर से तैयारियों में जुटा हुआ है। शहर के सिविल लाइन मार्ग जो कि अभी ज्यादा खराब भी नहीं हुई थी ,उस पर पैचवर्क का कार्य पूरा कर लिया गया। जानकारी के अनुसार आगामी दिवस मुख्यमंत्री कार्यक्रम में शामिल होने के दौरान सर्किट हाउस में ठहरेंगे। इसके मद्देनजर सिविल लाइन मार्ग पर डामर की परत चढ़ाकर चकाचक कर दिया गया।

### गौरवपथ का लौटा गौरव

कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन की तैयारियों जोरों पर चल रही है। शहर के जिन रास्तों से मुख्यमंत्री को गुजरना है उन रास्तों का कायाकल्प कर दिया जा रहा है, उन्हीं में से एक शहर का गौरव पथ थी है, जिसका गौरव मुख्यमंत्री के आगमन के पूर्व लौट गया। हाल में जर्जर हो चुकी गौरवपथ का डामरीकरण कर चकाचक कर दिया गया और डिवाईडर का रंगाई-पोताई का कार्य किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि इस तरह समय-समय पर मुख्यमंत्री को आना चाहिए तो जर्जर सड़कों की मरम्मत जल्द हो जाएगी।

## जीवित पिता को मृत बताकर एसईसीएल में 28 साल से नौकरी

**चरचा कॉलरी।** एसईसीएल चरचा क्षेत्र में फर्जी दस्तावेजों के सहारे सरकारी नौकरी हासिल करने का एक गंभीर और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। आरोप है कि एक व्यक्ति ने अपने पिता के नाम से जुड़े दस्तावेजों में हेरफेर कर जीवित व्यक्ति को मृत दशार्या और इसी आधार पर अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त कर वर्ष 1998 से लगातार नौकरी करता रहा। मामले में अब पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रकरण की शिकायत विशुनपुर जुनापारा निवासी प्रेमलाल प्रजापति उम्र 50 वर्ष ने चरचा थाना में दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता के अनुसार उनके पिता दशरथ प्रजापति तीन भाइयों में सबसे बड़े हैं। उनके मंझले भाई रामकिशुन प्रजापति एवं सबसे छोटे भाई बाबूलाल प्रजापति की पूर्व में मृत्यु हो चुकी है। शिकायत में बताया गया है कि प्रेमलाल के चाचा रामकिशुन प्रजापति एसईसीएल चरचा क्षेत्र में दशरथ प्रजापति के नाम से नौकरी कर रहे थे। रामकिशुन की मृत्यु के बाद उनके पुत्र छोटेलाल ने कथित रूप से षड़यंत्र रचते हुए एसईसीएल के सेवा अभिलेखों में हेरफेर कर, अपने पिता रामकिशुन के स्थान पर शिकायतकर्ता के जीवित पिता दशरथ का नाम दर्ज करवा दिया और इसी फर्जी रिकॉर्ड के आधार पर अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त कर ली। जांच में सामने आया है कि भूमि रिकॉर्ड, पारिवारिक दस्तावेज एवं अन्य शासकीय अभिलेखों में छोटेलाल के पिता का नाम स्पष्ट रूप से रामकिशुन प्रजापति दर्ज है, जबकि एसईसीएल चरचा के सेवा रिकॉर्ड में दशरथ प्रजापति का नाम दशार्या गया है। इस विरोधाभास से यह स्पष्ट होता है कि नौकरी पाने के लिए दस्तावेजों में गंभीर स्तर पर कूटरचना की गई। प्रेमलाल प्रजापति ने बताया कि उन्हें इस फर्जीवाड़े की जानकारी लगभग छह माह पूर्व हुई। इसके बाद उन्होंने अपने भाइयों रामनाथ एवं रामेश्वर से चर्चा कर संबंधित दस्तावेजों की जांच करवाई। सभी तथ्यों की पुष्टि होने पर उन्होंने पुलिस एवं प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई। चरचा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।



■ फर्जी अनुकंपा नियुक्ति पर केस दर्ज

## महाशिवरात्रि की तैयारियां जोरों पर

**सोनहत।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी मेण्ड्रा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में लगने वाले महाशिवरात्रि मेले की तैयारियां जोर-शोर से प्रारंभ हो गई हैं। मेला आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में हवन-पूजन सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जा रही है। आयोजन समिति एवं स्थानीय ग्रामीण व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। मंदिर परिसर की साफ-सफाई, सजावट, प्रकाश व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन से जुड़े सांसद प्रतिनिधि अविनाश पाठक, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश चंद्र साहू एवं ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष वीरेन्द्र साहू स्थानीय ग्रामीणों के साथ मिलकर व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।



## केंद्रीय बजट से विकसित भारत की नींव और मजबूत

**मनेन्द्रगढ़।** छग गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव ने जनपद सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए केन्द्रीय बजट 2026-27 को युवा-केन्द्रित, सुधारोन्मुख और दीर्घकालीन विकास का रोडमैप बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट रिफार्म ओवर रिहोरट्रिक के मार्गदर्शक सिद्धांत पर आधारित है, जिसके तहत देश की संभावनाओं को प्रदर्शन में बदलने के लिए सरकार ने तीन पवित्र कर्तव्य तय किए हैं। पहला उत्पादकता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़ाकर तेज व टिकाऊ आर्थिक विकास, दूसरा जनता की आकांक्षाओं को पूरा कर उन्हें समृद्धि का सहभागी बनाना और तीसरा सबका साथ सबका विकास के विजन को साकार करना ताकि हर वर्ग और क्षेत्र को समान अवसर मिल सकें। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले, जिला महामंत्री द्वय द्वारिका जायसवाल, आशीष मजूमदार, जिला उपाध्यक्ष द्वय आशीष सिंह, संजय राय जिला प्रवक्ता जमुना पाण्डेय, जिला मीडिया प्रभारी रामचरित द्विवेदी, जिला कोषाध्यक्ष मनोज जैन, जिला सोशल मीडिया संयोजक मनोज केशरवानी, कार्यालय मंत्री रमेश यादव, पूर्व नपा उपाध्यक्ष सुरेश श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष रोहित वर्मा, महामंत्री एमपी सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष आलोक जायसवाल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंकित शर्मा, महामंत्री राहुल जायसवाल समेत अन्य कार्यकर्त्ता काफी संख्या में मौजूद रहे।



## हाथीपांव उन्मूलन : 18 जिलों में चलेगा अभियान

**मनेन्द्रगढ़।** राज्य में हाथीपाँव (फाइलेरियासिस) रोग के उन्मूलन के उद्देश्य से राष्टीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत फरवरी 2026 में सामूहिक दवा सेवन (एमडीए) अभियान का व्यापक स्तर पर संचालन किया जा रहा है। यह अभियान राज्य के 18 जिलों के 65 विकास खंडों में संचालित होगा, जिसके अंतर्गत लगभग 1.58 करोड़ लाभार्थियों को दवा सेवन कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के तहत 15 जिलों के 58 विकासखंडों में आईडीए तथा 3 जिलों के 7 विकासखंडों में डीए दवाओं का वितरण किया जाएगा। यह कार्यक्रम 10 से 25 फरवरी तक चरणबद्ध रूप से संचालित किया जाएगा। 10 से 12 फरवरी तक आंगनबाड़ी, स्कूल, कॉलेज एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में बूथ लगाकर दवा सेवन कराया जाएगा। 13 से 22 फरवरी तक ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर द्वारा घर-घर भ्रमण कर समुदाय स्तर पर दवा सेवन सुनिश्चित किया जाएगा। 23 से 25 फरवरी तक छूटे हुए लाभार्थियों के लिए मॉप-अप राउंड आयोजित किया जाएगा। साथ ही 10 से 25 फरवरी तक सभी स्वास्थ्य संस्थानों में विशेष एमडीए कॉर्नर संचालित किए जाएंगे। कार्यक्रम के प्रभावी संचालन के लिए राज्य में 54,612 ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर, 5,461 सुपरवाइजर एवं 2,279 प्रशिक्षित सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) की तैनाती की गई है।



## समर्पण दिवस के रूप में पंडित उपाध्याय की मनी पुण्यतिथि





**बैकुण्ठपुर।** जिला मुख्यालय स्थित कचहरीपारा में श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के पुण्यतिथि समर्पण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में नागरिकगण एवं मातृशक्ति सम्मिलित होकर महान विचारक, प्रखर राष्टवादी नेता को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक नागेशनाथ योग एवं अध्यक्षता केबी जायसवाल के गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विभाग प्रचारक नागेश नाथ योगी ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में कोई राजनेता होता है, कोई विचारक होता, कोई संगठक होता है लेकिन पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी श्री इन वन थे, वे एक समर्पित राजनेता भी थे, महान विचारक भी थे और कुशल संगठक भी थे। बहुत कम समय में उन्होंने पार्टी को आगे ले जाने में भी सफलता प्राप्त की। उन्होंने भारतीय रीति-नीति और संस्कृति में अर्थ चिंतन और विकास के सिद्धांत को प्रतिपादित किया। श्री जायसवाल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के अंतिम छोर पर स्थित व्यक्ति के कल्याण के लिए भाजपा सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं को विस्तार से बताया। प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पहले उद्बोधन में कहा था कि हमारी सरकार देश के गांव, गरीब, किसान, दलित, पीड़ति, शोषित, वंचित और आदिवासियों को समर्पित सरकार है। इस अवसर पर देवेन्द्र तिवारी, मोहित पैकरा, बसंत राय आदि शामिल रहे।

## कलेक्टर, एसपी से मिले, पोस्ट करने वाले के विरुद्ध पुलिस ने शुरु की जांच

# अमर्यादित सोशल मीडिया पोस्ट से भड़का साहू समाज

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

सोशल मीडिया में पोर्टल के जरिए एक परिवार की छवि धूमिल करने और मृतक बड़े भाई की हत्या को लेकर लगाए गए आरोप को लेकर साहू समाज भड़क गया है। मामले को लेकर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर काफी संख्या में समाज के लिए कलेक्टर कोरिया और एसपी से मुलाकात किए, जिसके बाद मामले में एसडीओपी बैकुंठपुर द्वारा जांच शुरु कर दी गई है।

कोरिया पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भाड़ी निवासी अजय साहू ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत सौंपकर जांच कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में आरोप है कि एक पोर्टल के ब्लॉग का संचालन करने वाले तलवापारा निवासी महेन्द्र पांडेय नामक व्यक्ति द्वारा लगातार पोस्ट प्रकाशित कर उनके परिवार को सामाजिक रूप से अपमानित किया जा रहा है। शिकायतकर्ता के अनुसार 9 फरवरी को किए गए एक पोस्ट में उनके मृत बड़े भाई अरूण कुमार साहू की मौत को लेकर हत्या की आशंका जताते हुए परिवार पर सवाल खड़े किए गए, जिसके बाद साहू समाज के काफी संख्या में लोग पुलिस प्रशासन से मांग की है कि संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाए, ताकि सोशल मीडिया के दुरूपयोग पर रोक लगे और। वहीं मामले में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शिकायत प्राप्त हुई है, एसडीओपी बैकुंठपुर द्वारा संबंधितों का बयान दर्ज कर मामले की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। शिकायतकर्ता ने अपने आवेदन में यह भी उल्लेख किया है कि संबंधित ब्लॉग में पूर्व में भी उनके विरूद्ध करीब 36 बार आपत्तिजनक व भ्रामक सामग्री प्रकाशित की जाती रही है। साहू समाज के आक्रोशित हो जाने के बाद मामले को लेकर जिले में चर्चा का माहौल बना हुआ है। अब सभी की निगाहें पुलिस प्रशासन की जांच और आगे होने वाली कार्रवाई पर टिकी हैं।



## खबर संक्षेप



### स्कूली बच्चों को पिलाई गई फाइलेरिया की दवा

**सूरजपुर।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत जिले में 10 से 25 फरवरी तक 2 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को फाइलेरिया बीमारी से बचाव हेतु दवा का सेवन कराया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय माध्यमिक विद्यालय पतरापाली में फाइलेरिया रोधी दवा वितरण एवं सेवन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों ने उत्साह के साथ दवा का सेवन किया। बच्चों को दवा सेवन के लिए प्रेरित करने हेतु विद्यालय के शिक्षकों ने पहले स्वयं दवा का सेवन किया, जिसके बाद विद्यार्थियों ने बिना किसी भय और संकोच के दवा ली। इस अवसर पर शिक्षक योगेश साहू ने विद्यार्थियों को फाइलेरिया रोग के कारण, लक्षण एवं रोकथाम के संबंध में सरल भाषा में जानकारी दी और बताया कि नियमित दवा सेवन से इस बीमारी को जड़ से समाप्त किया जा सकता है। इस दौरान प्रधानपाठक केके यादव, शिक्षक महेन्द्र पटेल, अनिता सिंह, योगेश साहू, स्वास्थ्य विभाग से एमटी. लालमुनी सिंह, मितानिन सरोज पटेल, सोनिया सिंह सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### एनएसयूआई ने छात्र कौशल प्रतियोगिता का किया आगाज



**सूरजपुर।** देश के महापुरुषों की याद में एक कदम छात्रों के कौशल विकास की ओर की सोच को लेकर एनएसयूआई द्वारा आयोजित छात्र कौशल प्रतियोगिता के रजिस्ट्रेशन के लिए एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आकाश साहू ने अपनी टीम के साथ शासकीय रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय, शासकीय कन्या महाविद्यालय, वेटनरी पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, आईटीआई महाविद्यालय एवं शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी विद्यालय में जाकर छात्रों को प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देकर रजिस्ट्रेशन कराया। इस दौरान अफरोज अंसारी, प्रदेश सचिव लिवनेश सिंह, यशवंत सिंह, मनोज सिंह, ललित सिंह, सोमू खान, निलेश एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पलंग से गिरने पर गंभीर मासूम की मौत

**अम्बिकापुर।** पलंग से गिरने से गंभीर हुए मासूम की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सोनहत थाना अंतर्गत ग्राम महोरा निवासी जितेन्द्र सूर्यवंशी के 9 माह के पुत्र सूर्या सूर्यवंशी को परिजन 8 फरवरी को पलंग पर सुलाकर काम कर रहे थे। इसी दौरान मासूम अचानक पलंग से नीचे गिर गया जिससे गंभीर रूप घायल हो गया। परिजन मासूम को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### रिटायर्ड पदाधिकारियों को किया सम्मानित

**अम्बिकापुर।** अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के संभागीय अध्यक्ष कौशलेन्द्र पाण्डेय तथा सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष अनिल तिवारी के सेवानिवृत्त होने पर जनपद कार्यालय के सभाकक्ष में संगठन द्वारा सम्मानित किया गया। जिला संयोजक कमलेश सोनी ने दोनों पदाधिकारियों को शॉल श्रीफल देकर सम्मानित किया एवं उनके योगदान की प्रशंसा की। अवकाश प्राप्त पदाधिकारियों ने भी अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान डॉ.सीके मिश्रा, डॉ.अजय अग्रवाल, अनिल वर्मा, दुर्गेश सिन्हा, एमएस आजाद सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

---

जरूरत के अनुसार पानी उपलब्ध नहीं कभी भी निर्मित हो सकता है संकट

90 फीट गहरे ट्यूबवेल के सहारे चल रही व्यवस्था

# राशि लेने के बाद पीएचई के अधिकारी भूले विवि के भकुरा परिसर में जलागार बनाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

स्थापना के 17 साल बाद भी संत गहिरा गुरू विवि को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो सकी है। जनप्रतिनिधियों से वर्षों गुहार लगाने के बाद भी जब स्थिति नहीं बदली तो अधिकारी जैसे-तैसे भकुरा परिसर में प्रशासनिक कार्यालय का संचालन कर रहे हैं। अन्य भवनों एवं आवासीय परिसर को भी आबाद करने की तैयारियां चल रही हैं लेकिन परिसर में पर्याप्त पानी की अनुपलब्धता बड़ी चुनौती बनी हुई है।

एसजीजीयू के भकुरा परिसर में अभी तक प्रशासनिक कार्यालय सहित अन्य आवश्यक भवनों का निर्माण पूरा नहीं हो सका है। कोई अन्य वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने के कारण अधिकारी अपनी इच्छाशक्ति से जैसे-तैसे प्रशासनिक कार्यालय का संचालन कर रहे हैं। विवि प्रबंधन द्वारा बेहद विपरीत परिस्थितियों में संचालित यूटीडी के विभागों को भी आगामी महीने से भकुरा परिसर में संचालित करने की तैयारियां की जा रही है। सूनसान परिसर के आवासीय भवन में कुलसचिव डॉ.एसपी त्रिपाठी लम्बे समय से निवासरत हैं। कुलपति प्रो.राजेन्द्र लाकपाले भी आवासीय भवन का अधूरा कार्य पूरा होने के बाद परिसर में ही निवास करने का निर्णय लिया है। अधिकारियों की इस पहल से विवि परिसर को आकार देने सहूलियत होगी लेकिन पेयजल की उपलब्धता अधिकारी-कर्मचारियों के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है।

शासन द्वारा लोनिवि को भवन सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने वर्ष 2016 में राशि उपलब्ध कराई गई थी। लोनिवि ने जलागार निर्माण के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को स्वीकृत राशि 1.20 करोड़ में से 25 लाख रूपए प्रदान की थी। भवन निर्माण के लिए पीएचई ने परिसर के अलग-अलग स्थानों पर 25 से अधिक ट्यूबवेल का खनन कराया लेकिन 4 स्थानों पर ही पानी निकला। 90 फीट गहरे 4 ट्यूबवेल से अब तक के निर्माण पूरे किए गए। अभी भी इन्ही संयंत्रों से पेयजल सहित अन्य जरूरतें पूरी की जा रही है। परिसर के पहाड़ी इलाके के भूगर्भ में पानी की उपलब्धता कम होने के कारण कभी भी पेयजल संकट की स्थिति निर्मित हो सकती है। उपलब्ध पानी को भी अपर्याप्त बताया जा रहा है। जलागार की जरूरत महसूस करने के बाद अधिकारी विभाग से पत्राचार भी कर रहे हैं लेकिन अभी तक इस बड़ी समस्या का निराकरण नहीं हो सका है। पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं होने के कारण गर्मी के मौसम में अधिकारी-कर्मचारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। विवि के पास राशि भी उपलब्ध नहीं है जिससे जलागार का निर्माण कराया जा सकते।



**की जा रही है पहल**

भकुरा परिसर में पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं है तथा कभी भी संकट की स्थिति निर्मित हो सकती है। शासन की जल आवर्धन योजना के माध्यम से पानी आपूर्ति करने की पहल की जा रही है। स्वयं सेवको के माध्यम से परिसर की खाई में कच्चा बांध बनाने की दिशा में भी पहल की जा रही है।

-डॉ.एसपी त्रिपाठी, कुलसचिव, एसजीजीयू

#### पानी के लिए लम्बा सफर

पहाड़ी पर स्थित विवि के भकुरा परिसर में समतल भूमि की उपलब्धता के आधार पर अलग-अलग स्थानों पर कार्यालय एवं आवासीय भवनों का निर्माण किया गया है। जहां पानी उपलब्ध है वहां से अन्य भवनों की दूरी अधिक होने के कारण कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को लम्बा सफर तय करना पड़ता है। इस समस्या के निराकरण के लिए हरेक भवन में पानी की उपलब्धता को आवश्यक माना जा रहा हैं जो बिना जलागार बने संभव नहीं है।

#### पहाड़ी के नीचे चार खाइयां

भकुरा परिसर में पहाड़ी से घिरी चार खतरनाक खाइयां हैं। इस खाई में प्राकृतिक जल स्त्रोत भी है। गहरी खाइयों के किनारे कच्चा-पक्का बांध बनाकर बरसात के पानी को जमाकर जल समस्या का निराकरण किया जा सकता है। विवि के अधिकारी भी इस संबंध में लम्बे समय से विचार कर रहे हैं लेकिन राशि के अभाव में काम आगे नहीं बढ़ रहा है। विवि प्रबंधन ने परिसर में रासेयो का विशेष शिविर आयोजित करने एवं स्वयंसेवकों के सहयोग से कच्चा बांध बनवाने का निर्णय लिया है। ग्राम पंचायत भकुरा में जल आवर्धन योजना के तहत घर-घर पानी की आपूर्ति की जा रही है। अधिकारी इसी योजना के तहत विवि परिसर में भी पानी उपलब्ध कराने की पहल कर रहे हैं।

---

## भारतीय ज्ञान परंपरा का पूरा विश्व मानता है लोहा : प्रो.सारस्वत



**अम्बिकापुर।** संत गहिरा गुरू विवि द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परंपरा का महत्व विषय पर पंडित सुदंरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलपति प्रो.वीरेंद्र कुमार सारस्वत एवं ख्याति प्राप्त शिक्षाविद विजय मैराल के आतिथ्य एवं एसजीजीयू के कुलपति प्रो.राजेंद्र लाकपाले की अध्यक्षता में 7 फरवरी को सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजित की गई।

कार्यशाला में पंडित सुंदरलाल शर्मा विवि के कुलपति प्रो.सारस्वत ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा काफी समृद्ध रही है तथा भारतीय ज्ञान परंपरा के समृद्धि का पूरा विश्व लोहा मानता है। भारतीय ज्ञान परंपरा में हमारे मनीषियों के विज्ञान सहित अन्य सभी विषयों के शोध उपलब्ध हैं जिनके परिशीलन से हमारे जीवन में व्यापक बदलाव आ सकता है। शिक्षा नीति में भौतिक शिक्षा के साथ ही भारतीय ज्ञान परंपरा का समावेश होना चाहिए। भारतीय ज्ञान परंपरा में नैतिक शिक्षा पर काफी बल दिया गया। नैतिक शिक्षा को राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शामिल करने पर ही इसे सक्षम एवं प्रभावकारी बनाया जा सकता है। शिक्षाविद विजय मैराल ने कहा कि भारत में विज्ञान की उज्ज्वल परंपरा रही है। कई बड़े-बड़े आविष्कार भारत में हुए परंतु महत्वपूर्ण आविष्कारों के पेटेंट विदेशियों द्वारा पंजीकृत करा लिए गए। आयुर्विज्ञान के कई महत्वपूर्ण आविष्कार चरक, सुश्रुत जैसे ख्याति प्राप्त आयुर्विज्ञान वैज्ञानिकों द्वारा किए गए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परंपरा का समावेश विज्ञान के दृष्टिकोण से किए जाने से शिक्षा में एक नवीन ऊर्जा का संचार होगा। यह ऊर्जा भारत देश को एक विकसित राष्ट्र के रूप में उन्नति करने में सहायक होगी। एसजीजीयू के कुलपति प्रो.राजेन्द्र लाकपाले ने कहा कि पुरातन समय में भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुसार गुरूकुल पद्धति से शिक्षा अर्जित की जाती थी, गुरुकुल पद्धति से शिक्षा प्राप्त करने से छात्रों का केवल बौद्धिक ही नहीं अपितु शारीरिक एवं मानसिक विकास भी संभव था। अंत में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.एसपी त्रिपाठी ने कहा कि गाय के गौमूत्र एव गोबर पर शोध के माध्यम से भारती ज्ञान परंपरा के समावेश से विज्ञान में शोध के नए अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। वंदे मातरम के गायन उपरांत कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

---

## शताब्दी वर्ष के अवसर पर सशिमं में खंड स्तरीय युवा सम्मेलन




**बिश्रामपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर युवा सम्मेलन का आयोजन खंड स्तर पर सरस्वती शिशु मंदिर बिश्रामपुर में संपन्न हुआ,बिश्रामपुर खंड अंतर्गत सभी ग्रामों के प्रतिभावान युवाओं एवं युवतियों का सम्मेलन किया गया,सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में ध्येयनिष्ठ कार्य,लक्ष्य जीवन की ओर अग्रसर करना, युवा में राष्ट्रीयता का भाव जागृत करना,समाज के विभिन्न क्षेत्र में कार्य कर रहे युवाओं को संघ दर्शन करना,युवाओं में अपनी संस्कृति परंपरा का सम्मान और गर्व हो आयोजन का मुख्य उद्देश्य था,कार्यक्रम में वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक नागेश नाथ योगी उपस्थित रहे,मुख्य अतिथि के रूप में युवा सॉफ्टवेयर इंजीनियर अभिषेक सिन्हा एवं सुश्री माधुरी देवांगन मंचासीन रहे। मुख्य वक्ता ने कहा कि देश के विकास और सुरक्षा में युवाओं की अहम भूमिका है,युवाओं में सकारात्मक विचार समाज के भविष्य का निर्धारण करते हैं,युवाओं में संस्कार हो, युवा चरित्रवान हो इसके लिए घर परिवार और समाज की अहम भूमिका होती है,राष्ट्र की ऊर्जा युवा मन और युवा विचार होता है,युवाओं को अगर अपने लक्ष्य की प्राप्ति करनी है तो पूर्णता नशे से दूर रहना पड़ेगा।जिज्ञासा समाधान में युवाओं के द्वारा अनेकों प्रश्न किए गए जिसमें मुख्य वक्ता के द्वारा सभी प्रश्नों के सटीक उत्तर दिए गए। सम्मेलन में प्रतिभावान युवाओं द्वारा भजन, गीत संगीत, नृत्य का आयोजन किया गया जो मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा,आयोजन में सह जिला संघचालक सत्यम गर्ग, धर्मजागरण प्रांत प्रशासनिक प्रमुख ठाकुर राजवाडे,निलेश नाविक,विजय शर्मा, खिलेन्द वैष्णव, सह खंड कार्यवाह योगेंद्र राजवाडे, रचना सिंह, शशि राजवाड़े, तीरथ राजवाड़े,विवेक जायसवाल, अमित मित्तल,श्यामू साहू,देवा राजवाड़े, चंदन गुप्ता व अन्य उपस्थित थे।

---

## पुण्यतिथि पर राजमाता देवेन्द्र कुमारी को दी गई श्रद्धांजलि

**अंबिकापुर।** राजमाता स्व. श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव की 6वीं पुण्यतिथि पर मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में उन्हें श्रद्धांजली दी गई। इस दौरान उनके ज्येष्ठ पुत्र पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं सरगुजा रियासत के महाराज टीएस सिंहदेव भी उपस्थित थे।

- कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि के साथ ही प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण

राजमाता स्व. श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव का निधन वर्ष 2020 में लंबी बीमारी के उपरांत हो गया था। उनका जन्म हिमाचल प्रदेश के जुब्बल राज परिवार में हुआ था।

अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव एवं सरगुजा महाराज स्व. एमएस सिंह देव से विवाह के बाद वे सरगुजा आई थीं। सरगुजा में उन्होंने पूरा वक्त बिताया। यहीं से उन्होंने राजनीति की शुरुआत भी की थी। कांग्रेस की राष्ट्रीय नेत्री स्व. देवेंद्र कुमारी सिंह देव एक बार अंबिकापुर व एक बार बैकुंठपुर से विधायक भी रहीं। अविभाजित मध्य प्रदेश में प्रकाशचंद्र सेठी व अर्जुन सिंह के मंत्री मंडल की वे मंत्री रहीं। उन्हें आवास, पर्यावरण, मध्यम सिंचाई, वित्त विभाग की जवाबदारी दी गई थी। महाराज स्व. एमएस सिंहदेव के शासकीय सेवा में होने के कारण उन्होंने सरगुजा जिले की सभी राजनैतिक और सामाजिक जिम्मेदारियों को सम्भाल लिया था। सत्तर और अस्सी के दशक में एक महिला होने के बावजूद इस दौरान उन्होंने तत्कालीन सरगुजा जिले के चप्पे-चप्पे का दौरा कर औपचारिक रूप से कांग्रेस के मजबूत संगठन की आधारशिला रखी थी। उनकी राजनैतिक स्मृतियों को याद करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री सिंहदेव ने कहा कि आज से 50-60 वर्ष पूर्व के राजनैतिक दौर में उन्होंने संगठन विस्तार के दौरान जिन राजनैतिक युवा तुर्को को संवारा था वे आज सरगुजा में कांग्रेस के अगुआ हैं।




राजीव भवन में श्रद्धांजलि उपरांत प्रतीक्षा बस स्टैंड चौक पर पूर्व महाराज स्व. एमएस सिंहदेव एवं स्व. राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव के युगल प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके उपरांत माँ महामाया मंदिर में आयोजित भंडारे में पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने प्रसाद का वितरण किया। इस दौरान डॉ. प्रेमसाय सिंह, अजय अग्रवाल, जेपी श्रीवास्तव, डॉ. अजय तिर्की, राकेश गुप्ता, हेमंत सिन्हा, मो. इस्लाम, विनय शर्मा, इंद्रजीत सिंह धंजल, सत्येन्द्र तिवारी, जगन्नाथ कुशवाहा, मधु दीक्षित, इरफान सिद्दीकी, मुनेश्वर राजवाडे, दुर्गेश गुप्ता, सीमा सोनी, हेमंत तिवारी, संजय विश्वकर्मा, एपी सांडिल्य, रसीद अहमद अंसारी, विजेन्द्र गुप्ता, लालचंद यादव, लक्ष्मी गुप्ता, संजीव मंदिलवार, अनूप मेहता, आशीष वर्मा, लोकेश कुमार, गुरुप्रीत सिद्धू, जीवन यादव, रजनीश सिंह, अमित सिन्हा, अविनाश कुमार, मो. बाबर, मेराज रंगरेज, मिथुन सिंह, परवेज आलम गांधी, मंजू सिंह, संगीता मिंज, सावित्री ठाकुर, जिलानी खान, शकीला सिद्दीकी आदि मौजूद थे।

---

## भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारियों की घोषणा

**अम्बिकापुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की सहमति से किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिल निराला उरांव ने भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारियों के नाम की घोषणा की है। संगठन द्वारा भाजपा किसान मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष जितेश्वर पाठक, अजीत सिंह, जय सिंह, सुनील तिवारी तथा रेमीलाल राजवाड़े, महामंत्री महेंद्र सिंह और अनिल तिवारी, मंत्री विक्की सोनी, मनोज यादव, दिवस दुबे, विष्णुलाल राजवाड़े और प्रदीप अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजीव अग्रवाल एवं सह कोषाध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, कार्यालय मंत्री सतीश सिंह एवं सह कार्यालय मंत्री आदित्य राजवाड़े, मीडिया प्रभारी रूपेश गुप्ता एवं सह मीडिया प्रभारी महेश यादव को नियुक्त किया गया है। किसान मोर्चा महामाया मंडल का अध्यक्ष सत्यम सिंह, समलाया मण्डल दिलीप विश्वास, अम्बिकापुर ग्रामीण रामपहल राजवाड़े, लखनपुर अवधेश कुमार यादव, देवगढ़ खेलावन निषाद, रामगढ़ कैलाश सिंह, लुण्ड्रा अरविंद गुप्ता, धौरपुर बालीप्रसाद यादव, परसा समीर मण्डल, दरिमा कमलेश राजवाड़े, कुन्नी सत्यनारायण यादव, सीतापुर ओमप्रकाश गुप्ता, बतौली संजय यादव, राजपुर जागेश्वर अगरिया, मैनपाट कर्मातासी तथा विरेंद्र कुमार सिंह को नवागढ़ मण्डल को बनाया गया है। संगठन द्वारा कार्यसमिति सदस्य विशेष आमंत्रित सदस्यों एवं स्थाई आमंत्रित सदस्यों की भी सूची जारी की गई है।



### कलेक्टर ने रामभांठा के पीडीएस दुकान का किया निरीक्षण

**रायगढ़।** जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीडीएस की पारदर्शिता और सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने शासकीय उचित मूल्य दुकानए रामभांठा का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजीत बबन पठारे भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने दुकान में उपलब्ध व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया और मौके पर मौजूद हितग्राहियों से सीधे संवाद कर राशन वितरण की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने विशेष रूप से फिंगरप्रिंट सत्यापन और ई.पॉस मशीन में किसी भी तकनीकी समस्या की जांच की और इसका त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

---

## पुलिस लाइन में पदस्थ आरक्षक ने क्वार्टर में लगाई फांसी, कारण अज्ञात

**बिश्रामपुर।** सूरजपुर जिले में पुलिस लाइन में पदस्थ 36 वर्षीय आरक्षक ने अपने क्वार्टर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है,घटना से पुलिस महकमे सहित क्षेत्र में शोक का माहौल बन गया है,आत्महत्या के कारणों का फिलहाल स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है,हालांकि प्रारंभिक जांच में शराब की लत और आर्थिक तंगी की बात कही जा रही है।

प्राप्त जानकारी अनुसार चोपड़ा कॉलोनी,बिश्रामपुर स्थित बिलासपुरिया लाइन के क्वार्टर नंबर 788 में रहने वाले आरक्षक अंतोश खलखो (36 वर्ष),पिता स्वर्गीय नवल साय,बैच नंबर 842, जिला बल सूरजपुर में पदस्थ थे,वर्तमान में वे विगत दो माह से मनेंद्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिले में शॉर्ट टाइम ड्यूटी पर तैनात थे। बताया गया कि आरक्षक अंतोश खलखो सोमवार को तीन दिनों का अवकाश लेकर अपने क्वार्टर पहुंचे थे। शाम को वे घर के बाजू स्थित ससुराल में भोजन करने के बाद अपने क्वार्टर लौट आए, सोमवार की रात करीब 10 बजे जब उनकी पत्नी आशा खेस ससुराल से वापस अपने घर लौटी,तो उसने सामने वाले कमरे में अपने पति को पंखे से लोहे तार के सहारे बने फंदे पर लटका हुआ देखा।घटना की जानकारी मिलते ही पत्नी ने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। तत्पश्चात लोगों ने तत्काल आरक्षक को फंदे से उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर बिश्रामपुर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आत्महत्या के कारणों की गहनता से जांच कर रही है। मृतक आरक्षक अपने पीछे पत्नी और एक पांच वर्षीय बेटी को छोड़ गया है।



- विभाग से तीन दिवस की छुट्टी लेकर अपने चोपड़ा कॉलोनी स्थित क़्वार्टर में रहने आया था आरक्षक

---

## फांसी लगाने से गंभीर महिला की मौत परिजन ने लगाया हत्या का आरोप



**अम्बिकापुर।** पति के साथ हुए विवाद के बाद महिला ने बाथरूम में फांसी लगा ली। परिजन महिला को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों जांच उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया। इधर मृतिका ने हत्या कर फांसी का रूप देने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

लटोरी अंतर्गत ग्राम द्वारिकानगर बैगापारा निवासी फूल कुमारी चौधरी पति गिरधर चौधरी (37 वर्ष) फुदुरडिहारी में पति व बच्चों के साथ रहती थी। सोमवार को अज्ञात कारण से घर के बाथरूम में जाकर फांसी लगा ली। परिजन महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। पति ने पुलिस को बताया कि सोमवार को बड़े पुत्र रूद्र का जन्म दिन था और वह घूम कर दिन 12 बजे घर पहुंचा तो मां फूल कुमारी फटकार लगाते हुए कुकर उसके ऊपर फेंक कर बाथरूम में जाकर फांसी लगा ली। इधर मृतिका के पिता सीतापुर निवासी तीरथ राम चौधरी ने आरोप लगाते हुए पुलिस को बताया कि बेटी फूल कुमारी का विवाद गिरधर के बड़े भाई मणिकांत से किया था लेकिन गिरधर अपनी भाभी को भगाकर ले आया और दो साथ रहने लगे। दोनों से दो पुत्र है। इसी बीच गिरधर अक्सर फूल कुमारी के साथ किसी ने किसी बात को लेकर प्रताड़ित करने के साथ मारपीट करता था। तीरथ राम ने आरोप लगाया है कि उसकी बेटी की हत्या कर फांसी का रूप दे दिया गया है।

---

## 20 मार्च को मनाई जाएगी झूलेलाल जयंती

**अंबिकापुर।** झूलेलाल जयंती को लेकर सिंधी समाज की बैठक आयोजित की गई। स्थानीय सिंधु भवन में आयोजित बैठक के दौरान सिंधी समाज, सिंधी महिला मंडल एवं समाज के वरिष्ठजन सहित युवाओं ने 20 मार्च को सिंधी समाज के इष्ट देव भगवान श्री झूलेलाल जी का जन्मदिन चेट्रीचंड्र महोत्सव 2026 के रूप में धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।

साथ ही सिन्धी समाज के अध्यक्ष अशोक नागवानी एवं समाज के वरिष्ठजन के संरक्षण में सिंधी नवयुवक मंडल कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। मीडिया प्रभारी निशित बचानी ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से नवयुवक मंडल का अध्यक्ष नितिन रेलवानी को चुना गया। इसके साथ ही उपाध्यक्ष हरिश आहुजा एवं हरिश वाटवानी, सचिव शुभम राजपाल, कोषाध्यक्ष यष नागदेव एवं महासचिव विनय मंगलानी बनाए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष झूलेलाल जयंती उत्सव के कार्यक्रम 7 दिन चलेंगे। जिसमे सिंधी प्रिमियर लिग क्रिकेट मैच, आनन्द मेला, नव वर्ष के उपलक्ष्य पर घड़ी चौक में भव्य दीप प्रज्वलन, स्कूटर रैली, बच्चों की अनेक प्रतियोगीता, मेघावी छात्रों को प्रोत्साहित, शंकरघाट सफाई अभियान तथा 20 मार्च को सिन्धु भवन में विशाल लंगर का आयोजन कर उसी दिन शाम को भव्य शोभायात्रा एवं पवित्र ज्योती वीसर्जन होगा जिसमे धमाल बैंड और सिन्धी डांडिया मुख्या आकर्षक का केंद्र रहेंगे। बैठक मै समाज के अध्यक्ष अशोक नागवानी , सचिव संजय मनवानी सहित अन्य पदाधिकारी, महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती ज्योती पोपटानी एवं सदस्य सम्मलीत हुये।

---

## नुक्कड़ नाटक कर बाल विवाह मुक्ति पर दिया गया संदेश

**सूरजपुर।** राज्य स्तर से संचालित बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान अंतर्गत आज जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग, यूनिसेफ एवं एग्रिकोन फाऊंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में राज्य से नाट्य एवं लोक कला समिति शहडोल की टीम ने नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। अग्रसेन भवन व रेवती रमन कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित हुआ। नुक्कड़ नाटक के साथ मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की भी विस्तृत जानकारी लोगों को दी गई। नाटक के माध्यम से लोगों को बाल विवाह न करने का संदेश दिया गया तथा बताया गया कि लड़की की विवाह की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और लड़के की न्यूनतम आयु 21 वर्ष निर्धारित है। साथ ही बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत दंड के प्रावधानों की भी जानकारी दी गई।





# पड़ोसी को बिग बी ने घर बुलाकर जीत लिया दिल

**नई दिल्ली।** निर्मित जेसरानी पहली बार चर्चा में तब आए, जब उनके पड़ोसी महानायक अमिताभ बच्चन के 'संडे दर्शन' का एक वीडियो वायरल हुआ। वह घर की खिड़की से अमिताभ बच्चन को उनके फैंस को निहार रहे थे। इसके बाद मामला तब मजेदार हो गया, जब अमिताभ बच्चन ने भी पलटकर निर्मित को देखा और हाथ हिलाकर अभिवादन किया। अब किस्मत इस पड़ोसी पर और मेहरबान हुई। बिग बी ने उन्हें सीधे अपने घर बुलाया। निर्मित ने इस बार जलसा के अंदर से संडे दर्शन देखा और इस रस्म को करीब से महसूस किया। यह सुनने में एक छोटी सी बात जरूर लग सकती है, लेकिन अमिताभ बच्चन के इस अंदाज ने उनका दिल छू लिया।

लाइफ Style

# मोनालिसा

## द डायरी ऑफ मणिपुर में मटकती-इठलाती दिखीं

महाकुंभ मेले में वायरल हुई मोनालिसा ने एक साल बाद प्रयागराज में माघ मेले में भी वापसी की। लेकिन, मोनालिसा ने बॉलीवुड में भी एक्ट्रेस के तौर पर वापसी की है। पिछले साल के बाद इंटरनेट पर सनसनी बन चुकीं माला बेचने वाली मोनालिसा एक्टर राजकुमार राव के भाई अमित राव के साथ फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' में नजर आएंगी, जिसका टीजर रिलीज हो चुका है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

गांधीगिरी (2016) और शशांक (2023) जैसी फिल्मों के लिए मशहूर डायरेक्टर सनोज मिश्रा की निर्देशित इस फिल्म को मोनालिसा की रील वायरल होने के बाद ही उन्हें ऑफर किया गया था। फिल्म की शूटिंग पूरी होने के बाद, टीम मां गंगा का आशीर्वाद लेने के लिए भी गई थी। अब इसका टीजर आउट हो चुका है। द डायरी ऑफ मणिपुर के टीजर की शुरुआत मोनालिसा से ही होती है। उसकी कजरारी आंखों की झलक से लेकर उसका डांस और अदाएं सबकुछ देखने लायक है। मोनालिसा की इस फिल्म की कहानी भी दमदार लग रही है, जिसमें मणिपुर के पुराने इतिहास और पॉलिटिक्स के बारे में दिखाया गया है। सारे एक्टर्स मंझे हुए लग रहे हैं। पहली फिल्म के हिसाब से और बिना किसी एक्टिंग की लंबी ट्रेनिंग के मोनालिसा का काम भी अच्छा है। लोगों ने भी उनकी खूब तारीफ की है। ये मोनालिसा की पहली फिल्म है। इससे पहले सनोज मिश्रा ने फिल्म को लेकर जानकारी शेयर की थी और मोनालिसा के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'हमने फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' की शूटिंग चार चरणों में शुरू की – पहले इटावा (उत्तर प्रदेश) में, फिर मणिपुर में, जहां हमने कई जगहों पर फिल्म की शूटिंग की।



हॉलीवुड मसाला



# निक पर चढ़ा हिंदू धर्म का रंग

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनस ने बताया कि वह हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति से बहुत प्रभावित हैं। निक ने कहा कि वह अपनी बेटी को भी भारतीय संस्कृति और संस्कारों वाली परवरिश दे रहे हैं। बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा और अमेरिकी सिंगर निक जोनस को इंडस्ट्री के सबके आइकॉनिक पावर कपल्स में गिना जाता है। निक जोनस का भारत और यहां के कल्चर के प्रति प्यार हमेशा ही उनके बयानों में झलकता रहा है।



# बॉयफ्रेंड से बूढ़ी दादी की तरह कपड़े पहनकर मिलती थीं

**लॉस एंजिल्स।** के-पॉप स्टार ब्लैकपिंक की रोजे ने खुलासा किया है कि उन्होंने अपने एक्स लवर से छिपकर मिलने के लिए एक मजेदार तरीका निकाला था। लोगों को उनके बारे में कुछ पता न लगे इसके लिए वो पूर्व प्रेमी से बूढ़ी दादी की तरह कपड़े पहनकर मिला करती थीं। रोजे ने बातचीत में बताया कि कैसे वो अपने रिश्ते को फैन्स और पपराजी से बचाने के लिए एक बुजुर्ग महिला का वेश धारण किया करती थीं। उन्होंने बताया कि डेटिंग के दौरान पकड़े जाने के डर ने उन्हें इस तरह से अपना हुलिया बदलने के लिए मजबूर कर दिया। इतना ही नहीं, 28 साल की सिंगर ने बताया कि पहचान छिपाने के लिए उन्होंने एक पूरी अलमारी ही उन तरह के कपड़ों के लिए बना ली थी जिसमें उम्रदराज महिला के लुक में बदलने के लिए जरूरी सारी चीजें वो रखा करती थीं।



# एआई से इमेज बदलना बहुत डिस्टर्बिंग

**मुंबई।** आजकल एआई से किसी फोटो या वीडियो को एडिट करना कोई बड़ी बात नहीं है। एडिट होने के बाद भी आप असली और एडिट किए हुए फोटो में फर्क नहीं बता सकते। इसी को लेकर एक्ट्रेस आयशा खान ने खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे उनके फोटो और वीडियो एआई से एडिट करके वायरल किए जाते हैं। जो देखने में बिल्कुल असली लगते हैं। आयशा खान ने कहा कि उन्हें खुद कई ऐसे बदले हुए फोटो सोशल मीडिया पर मिले हैं, जो देखने में बहुत असली लगते हैं। इन तस्वीरों को देखकर उन्हें काफी दुख होता है और डिस्टर्बिंग लगता है। आयशा ने कहा, 'एआई वाली चीज बहुत डरावनी हो गई है। इंटरनेट पर महिलाओं को सेक्सुअलाइज करने के लिए ऐप बनाना बहुत ही खतरनाक है।




# विक्रांत और तमन्ना ने फ्री में किया काम

**मुंबई।** मकबूल, ओमकारा और हैदर जैसी फिल्में बनाने वाले निर्देशक विशाल भारद्वाज अब 'ओ रोमियो' लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में एक बार फिर विशाल भारद्वाज शाहिद कपूर के साथ काम कर रहे हैं। हालांकि, फिल्म में एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आएगी। इसमें नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, तृप्ति डिमरी, दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया और विक्रांत मैसी जैसे कलाकारों के नाम शामिल हैं। अब विशाल भारद्वाज ने फिल्म से जुड़ा एक बड़ा खुलासा किया है, जिसमें उन्होंने उन कलाकारों के बारे में बताया जिन्होंने फिल्म में बिना एक भी पैसा लिए काम किया है। उन्होंने बताया कि ओ रोमियो में विक्रांत और तमन्ना ने फ्री में काम किया है। व्यस्त कार्यक्रम और बढ़ती मांग के बावजूद विक्रांत ने फिल्म के लिए लगभग आठ से नौ दिनों तक शूटिंग की।

टीवी मसाला



# कभी रहीं टीवी की क्वीन, आज 1000 फीस लेकर चला रहीं घर

**नई दिल्ली।** कभी ग्लैमर वर्ल्ड पर राज करने वालीं अदाकारा आज 1000 रुपए में गुजारा कर रही हैं। यह हसीना हैं 90 दशक की फेमस टीवी पर्सनैलिटी रूबी भाटिया। रूबी भाटिया ने हिट फिल्मों में अदाकारी दिखाई और फिर टीवी होस्टिंग के जरिए खूब नाम कमाया। वह पहली वीडियो जॉकी थीं। फिल्मों में अदाकारी के लिए वह टीवी शोज को होस्ट करती थीं। वह अपने दौर की हाइएस्ट पेड होस्ट्स में से एक थीं। 90 के दशक में कामयाबी हासिल करने के बाद रूबी भाटिया ने अचानक इंडस्ट्री से किनारा कर लिया था। शादी के बाद वह अपने परिवार के साथ एक सिंपल लाइफ जी रही थीं कि तभी उन्हें अपना गुजारा करने के लिए 1000 रुपए फीस में काम करना शुरू किया। इन दिनों रूबी भाटिया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है जिसमें वह 1000 रुपए फीस लेकर काम मांगती हुई नजर आई थीं। इस वीडियो को देख लोगों ने उनके फाइनेंशियल स्टेटस पर चिंता जताने लगे हैं। कभी एक शो के एक लाख रुपए कमाने वालीं रूबी का यूं 1000 हजार रुपए में काम मांगना लोगों के लिए शॉकिंग था। कुछ समय पहले ही रूबी भाटिया ने खुलासा किया था कि 20 सालों तक वह अपनी फैमिली के साथ एक शांत जिंदगी बिता रही थीं। वह अपने परिवार के साथ लोखंडवाला आती रहती थीं। जिस घर में वह रहती थीं, वह 30 साल पुराना था।

## लाफ्टर शेफ्स में जैस्मिन ने मारी एंट्री

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' के कंटेस्टेंट्स शो में खूब धूम मचा रहे हैं और इसी के साथ नया प्रोमो भी रिलीज कर दिया गया है। इसमें



जैस्मिन भसीन बॉयफ्रेंड अली गोनी को सरप्राइज देने शो में आती हैं। साथ ही, समर्थ और अभिषेक हर किसी को देखकर जल-भून जाते हैं। जैस्मिन के अली गोनी को सरप्राइज देने के साथ ही, अंकिता लोखंडे-विक्की जैन, करण कुंद्रा-तेजस्वी प्रकाश और कश्मीरा शाह-कृष्णा अभिषेक जैसे कपल्स एक-दूसरे के प्रति अपना प्यार जताते हैं। अली कहते हैं, 'मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि वह मेरे जीवन में है।' इसके बाद दोनों साथ में डांस करते हैं और एक-दूसरे को गले लगाते हैं। करण कुंद्रा तेजस्वी प्रकाश को फूल देते हैं और उनसे प्यार का इजहार करते हैं। प्रोमो में अभिषेक कुमार और समर्थ जुरेल धोती पहने लाठी लेकर आते हैं। प्रोमो जारी होते ही, फैंस ने कमेंट सेक्शन में रिएक्ट किया है। कुछ ने जैस्मिन की एंट्री पर एक्साइटमेंट दिखाया, वहीं कुछ अभिषेक और समर्थ के रिएक्शन पर मजे ले रहे हैं।

# नदिया के पार की गुंजा को 44 साल बाद पहचाना हुआ मुश्किल...

**नई दिल्ली।** अभिनेता सचिन पिलगांवकर के साथ फिल्म नदिया के पार में नजर आने वालीं अभिनेत्री साधना सिंह अपने समय में काफी लोकप्रिय रहीं। इस मूवी में गुंजा की भूमिका अदा कर उन्होंने देश के कोने-कोने तक अपनी पहचान बनाई। लेकिन अब चार दशक बाद वह कहां और क्या करती हैं, इसके बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है। बदलते वक्त के साथ-साथ अब उनका लुक भी काफी हद तक बदल गया है।



***बदला लुक*** : 1982 में रिलीज होने वाली नदिया के पार हिंदी सिनेमा की कल्ट क्लासिक फिल्म मानी जाती है। साधना सिंह ने बड़ी ही बेहतरीन तरीके से गुंजा के किरदार को अदा किया और अमर कर दिया। एक वक्त पर अपनी बेबाक खूबसूरती के लिए मशहूर होने वाली साधना का लुक काफी बहुत बदल गया है। साधना सिंह के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर मौजूद उनकी इन लेटेस्ट तस्वीरों को देखकर ये अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। बढ़ती उम्र के साथ उनकी काया पूरी तरह पलट गई है। हालांकि, उनकी चेहरे की सादगी अब भी नदिया के पार के गुंजा की तरह बरकरार है। एक्टिंग के अलावा अब साधना सिंह एक फैशन डिजाइनर के तौर पर मुंबई में बुटीक भी चलाती हैं। आपको बता दें कि साधना ने फिल्म निर्माता राजकुमार शाहाबादी के साथ रचाई और इनकी एक बेटी भी है, जिसका नाम शानी शाहाबादी है। अपने परिवार के साथ साधना सिंह मायानगरी में हंसी खुशी रहती हैं।

***इन फिल्मों के लिए मशहूर हैं***

साधना सिंह ने बतौर एक्ट्रेस हिंदी सिनेमा में लंबी पारी खेली है। नदिया के पार से बतौर अभिनेत्री अपने करियर का आगाज करने वालीं साधना कई शानदार मूवीज में नजर आईं, जिनके नाम इस प्रकार हैं- ससुराल, पिया मिलन, ये कैसा फर्ज, तुलसी, दुर्गा मां, परिवार, फलक, प्यार का सावन, मुक्केबाज, सुपर 30। बता दें आखिरी बार बड़े पर्दे पर बतौर एक्ट्रेस साधना सिंह साल 2019 में रिलीज होने वाली फिल्म जिंदगी तुमसे ही में नजर आई थीं। इसके अलावा उन्होंने कई वेब सीरीज और टीवी सीरियल्स में भी काम किया है।

# सिफारिश लगाने वालों पर भड़के विशाल, नए गायकों को दी ये सलाह

**नई दिल्ली।** मशहूर सिंगर और कंपोजर विशाल ददलानी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें वे नए गायकों को यह सुझाव देते दिखे हैं कि उनसे मिलने के लिए वे किसी मंत्री या किसी अन्य शख्सियत का सहारा न लें। संघर्ष के दिनों में लोग काम पाने के लिए किसी की सिफारिश लगवाने का विकल्प चुन लेते हैं। मगर, विशाल ददलानी ने ऐसा करने वालों को सलाह दे डाली है। इतना ही नहीं, विशाल का कहना है कि किसी मंत्री से सिफारिश लगवाने वाले को उन्होंने ब्लॉक भी कर दिया है। सिंगर ने इसे लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। विशाल ददलानी ने आज सोमवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होने लिखा है, 'नए गायकों के लिए कुछ सलाह। किसी मंत्रीजी या उनके सेक्रेटरी से मुझे फोन मत करवाना। अगर ऐसा करते हो तो इतना पक्का है कि मुझसे कभी मिल नहीं पाओगे। जो लोग 'कॉन्टैक्ट्स' के जरिए आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं, उनके लिए मेरे मन में जरा भी इज्जत नहीं है। जिस बंदे ने अभी-अभी यह कोशिश की, मंत्री-जी अब ब्लॉक हो गए हैं और तुम भी। अब, भले ही तुम बहुत अच्छे सिंगर हो, मुझे तुम्हारे साथ काम करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। सॉरी'। 'अपनी प्रतिभा पर विश्वास रखें प्लीज। कड़ी मेहनत करने के लिए तैयार रहें और साथ ही धैर्य रखें। अगर आप अच्छे हैं, तो आपका समय जरूर आएगा। सिफारिश वाली चीजें न करें। यह एक बोरिंग पुरानी बात है। और, सबसे बड़ी बात कि यह सिर्फ यही बताता है कि आपको अपनी प्रतिभा पर भरोसा नहीं है'। विशाल ददलानी की इस बात पर नेटिजन्स तारीफ कर रहे हैं और सहमति जता रहे हैं। एक यूजर ने पूछा कि आपसे किस तरह मिला जा सकता है? इस पर विशाल ने जवाब दिया, 'बस अपना म्यूजिक रिलीज करो। अगर यह अच्छा है, तो यह मुझ तक जरूर पहुंचेगा। साथ ही, मैं हर हफ्ते नए आर्टिस्ट्स को खोजने के लिए एक प्लेटफॉर्म बनाने की प्रकिया में हूं।



## शेखर कपूर की थी पहली फिल्म, जिसे उन्होंने किया था डायरेक्ट

# मासूम की रिलीज से 5 दिन तक खाली रहे थिएटर, दूसरे हफ्ते हुआ चमत्कार

***नई दिल्ली।*** *सदाबहार सुपरहिट फिल्म 'मासूम' (1983) तो तभी को याद होगी। 'मासूम' वो फिल्म थी जो रिलीज के समय शुरुआती दिन में फ्लॉप घोषित हो गई थी।सिनेमाघर खाली थे और थिएटर मालिकों ने फिल्म लगाने तक के लिए मना कर दिया था, लेकिन फिर भी फिल्म कल्ट क्लासिक रही। अब फिल्म के निर्देशक शेखर कपूर ने फैसला लिया है कि वे फिल्म का दूसरा पार्ट नई जनरेशन के साथ बनाने के लिए तैयार हैं। सदाबहार सुपरहिट फिल्म 'मासूम' शेखर कपूर की पहली फिल्म थी, जिसे उन्होंने डायरेक्ट किया था, लेकिन अभिनेता ने इस फिल्म के बाद आगे फिल्में डायरेक्ट न करने का फैसला लिया था, लेकिन फिल्म से जुड़ी एक घटना ने उनकी जिंदगी में बड़ा बदलाव ला दिया। निर्देशक ने खुद फिल्म से जुड़ा किस्सा शेयर किया है। रिलीज के पहले दिन, मैं मुख्य सिनेमाघर गया और पूरे सिनेमा हॉल में सिर्फ दो लोग थे और उनमें से एक मैं था। मासूम के पहले दिन के पहले शो को छोड़कर, हॉल पूरी तरह खाली था!*



### 'मासूम' को देखने पहुंची थी भीड़

उन्होंने आगे लिखा, 'रिलीज के बाद शनिवार, रविवार, सोमवार, मंगलवार, और बुधवार को भी सिनेमाघर खाली रहे। नौबत ये आ गई कि फिल्म के डिस्ट्रीब्यूटर्स ने फिल्म तो लगाने से इनकार कर दिया। मैं मुंबई की सड़कों पर घूमता रहा और सोचता रहा कि अब मैं अपनी जिंदगी में आगे क्या करूंगा, क्योंकि फिल्में बनाना अब मेरे लिए मुमकिन ही नहीं था, लेकिन गुरुवार को कुछ अजीब हुआ। गुरुवार को एक सिनेमा हॉल पूरी तरह भर गया और फिर शुक्रवार को टिकट खरीदने के लिए लोगों की लंबी लाइनें लग गईं। एक हफ्ते में फिल्म ने सारी भरपाई कर ली।' लेकिन गुरुवार को कुछ अजीब हुआ। गुरुवार को एक सिनेमा हॉल पूरी तरह भर गया और फिर शुक्रवार को टिकट खरीदने के लिए लोगों की लंबी लाइनें लग गईं। एक हफ्ते में फिल्म ने सारी भरपाई कर ली।

### शेखर कपूर ने सुनाया मासूम का किस्सा

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'रिलीज के पहले दिन, मैं मुख्य सिनेमाघर गया और पूरे सिनेमा हॉल में सिर्फ दो लोग थे और उनमें से एक मैं था। मासूम के पहले दिन के पहले शो को छोड़कर, हॉल पूरी तरह खाली था! बाहर मुझे कुछ गुस्से में दिख रहे लड़कों ने घेर लिया; जब उन्हें पता चला कि मैं निर्देशक हूं, तो उन्होंने कहा कि मैंने उनके पैसे बर्बाद कर दिए और उन्होंने मुझे आर्टिकल फिल्म न बनाने की सलाह दी। उनका आर्टिकल से मतलब था आर्टिस्टिक फिल्म।'

### 'मासूम-नेक्स्ट जेनेरेशन' बनाएंगे शेखर

उस गुरुवार को क्या हुआ ये निर्देशक आज तक पता नहीं लगा पाए, लेकिन अब वह 'मासूम-नेक्स्ट जनरेशन' बनाने जा रहे हैं। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह और शबाना आजमी लीड रोल में थे, और फिल्म में एक सौतेले मासूम बच्चे की कहानी को मार्मिक तरीके से दिखाया गया है। अब अगले पार्ट में क्या नया देखने को मिलेगा, ये तो आगे आने वाला समय ही बता पाएगा।

## खबर संक्षेप

### अपर कलेक्टर ने आमजन की सुनी समस्याएं

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन में कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार ने जिले के ग्रामीण एवं शहरी अंचल से आए आम नागरिकों की समस्याएं गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनीं। जनदर्शन के दौरान नागरिकों ने अपनी छोटी-बड़ी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत कीं। जनदर्शन में कुल 32 आवेदन प्राप्त हुए।

### दो दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** प्रदेश के युवाओं को निजी क्षेत्र में अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरगुजा संभाग में दो दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह रोजगार मेला 16 एवं 17 फरवरी को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज अंबिकापुर जिला-सरगुजा में आयोजित होगा। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र के तकनीकी एवं गैर-तकनीकी पदों पर भर्ती के लिए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया जाएगा।

### रोजगार दिवस, आवास दिवस पर आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** ग्राम पंचायत लाई के मुक्तियारपारा में रोजगार दिवस, आवास दिवस, चावल दिवस एवं विकसित भारत-जी राम जी अभियान के अंतर्गत जन जागरूकता एवं हितग्राही केन्द्रित कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना, पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ना तथा गांव स्तर पर विकास और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना रहा। आयोजन में काफी संख्या में ग्रामीण जन, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मनरेगा के अंतर्गत संचालित कार्यों की जानकारी दी गई तथा ग्रामीणों को रोजगार मांग पंजीयन, जॉब कार्ड अद्यतन और समय पर मजदूरी भुगतान से संबंधित प्रक्रियाओं के बारे में अवगत कराया गया।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वेतन घोटाले का आरोप

**चरचा कॉलरी।** नगर पालिका शिवपुर चरचा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर एक बार फिर गंभीर आरोपों के घेरे में आ गया है। विद्यालय प्रबंधन पर शिक्षकों के वेतन भुगतान में भारी अनियमितता और भेदभाव बरतने के आरोप लगे हैं। संस्था में कार्यरत शिक्षकों का कहना है कि उन्हें लगातार यह कहकर टाल दिया जाता है कि संस्था के पास फिलहाल रूपए नहीं हैं, जबकि वास्तविकता इसके ठीक विपरीत बताई जा रही है। आरोप है कि विद्यालय के प्रचारक जो जांजगीर चांपा निवासी बताए जा रहे हैं, उन्हें समय पर पूरा वेतन दिया जा रहा है। इतना ही नहीं उसी संस्था में पदस्थ उनकी धर्मपत्नी को भी नियमित भुगतान किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर वर्षों से सेवा दे रहे अन्य शिक्षकों का वेतन 50 प्रतिशत से भी कम कर दिया गया है, इससे उनके सामने परिवार चलाने का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। वेतन कटौती और अनियमित भुगतान से शिक्षकों में भारी आक्रोश है। शिक्षकों का कहना है कि कम वेतन में घर का खर्च, बच्चों की पढ़ाई और दैनिक जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो गया है।

न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर
जिला कोरिया (छ.ग.)
// ईश्तहार //
क्रमांक/ वाचक / 2024
बैकुण्ठपुर दिनांक / /2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्रामवासी/नगरवासी ग्राम नगर की आम जनता को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका नन्दलाल पिता/पति रामसिपाही जाति नाई निवासी नगर तहसील बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया के द्वारा रामचरण निवासी नगर का जन्म/मृत्यु दिनांक 7-8-1985 को होने के कारण जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 18-2-26 को 11:00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 4-2-26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया छ.ग.

### अखिल भारतीय शेषन स्मृति 50 वें गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट

# गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट में रोजाना हो रहा रोमांचक मुकाबला

**राष्ट्रगान के साथ मुकाबले का शुभारंभ किया गया**

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी

अखिल भारतीय शेषन स्मृति 50 वें गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के स्वर्ण जयंती समारोह के अंतर्गत प्रतियोगिता के नौवें दिन खेला गया अंतिम क्वार्टर फाइनल मुकाबला दर्शकों के लिए अत्यंत रोमांचक और यादगार रहा। यह मुकाबला दुर्गापुर, पश्चिम बंगाल एवं जॉय यूनिवर्सिटी, चेन्नई तमिलनाडु के मध्य खेला गया। इसमें खेल भावना, अनुशासन और कड़ी प्रतिस्पर्धा का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। मैच से पूर्व अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर राष्टगान के साथ मुकाबले का शुभारंभ किया गया।

मैच की शुरूआत अपरान्ह 3:33 बजे हुई। प्रारंभ से ही चेन्नई की टीम आक्रामक रूख अपनाते हुए दुर्गापुर पर दबाव बनाती नजर आई। हालांकि दोनों टीमों के सशक्त बचाव के चलते मध्यांतर तक स्कोर 0-0 रहा। मध्यांतर के बाद दुर्गापुर की टीम आक्रामक होकर मैदान पर उतरी और लगातार गोल करने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। वहीं चेन्नई को भी गोल के मौके मिले, पर दुर्गापुर के गोलकीपर ने शानदार बचाव किया। दुर्गापुर को भी एक सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ, जिसे चेन्नई के गोलकीपर ने बेहतरीन कौशल से रोक दिया। मैच के समाप्ति से लगभग 20 मिनट पूर्व चेन्नई टीम के जर्सी नंबर 9 सानू ने शानदार गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद मात्र 7 मिनट के भीतर सानू ने दूसरा गोल कर मुकाबले को पूरी तरह चेन्नई के पक्ष में कर दिया। चेन्नई को तीसरा गोल करने का अवसर भी मिला, लेकिन वह चूक गया। अंततः जॉय यूनिवर्सिटी चेन्नई ने 2-0 से जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार भी जर्सी नंबर 9 सानू को प्रदान किया गया। मैच के मुख्य निर्णायक पप्पू कुमार चरचा रहे, जबकि सहायक निर्णायक प्रभुल कुमार एवं भरत कुमार चरचा रहे। फोर्थ ऑफिशियल आशीष तिवारी तथा मैच कमिश्नर अनिल कचेर ने अपनी जिम्मेदारी निभाई। मैदान की देखरेख एवं फिजियोथैरेपी की जिम्मेदारी एसईसीएल से सेवानिवृत्त एवं पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी मो. रफीक ने संभाली। मंच संचालन व अतिथियों की देखरेख मो. रेयाज द्वारा की गई। आयोजन समिति में अध्यक्ष सहक्षेत्र प्रबंधक संजय कुमार, उपाध्यक्ष संदीप कुमार, सचिव मो. रियाज, सह-सचिव तपेश्वर प्रसाद एवं प्रवीन डेहरिया तथा कोषाध्यक्ष महेश कुमार को विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं।





## पंडित उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रुप में मना

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

भारतीय जनता पार्टी जिला एमसीबी द्वारा बुधवार को नगर स्थित अटल कुंज में अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता, प्रखर राष्टवादी तथा उत्कृष्ट संगठनकर्ता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कोटिशः नमन किया। समर्पण दिवस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष लखनलाल श्रीवास्तव, जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों और सिद्धांतों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

सर्वप्रथम भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रामचरित द्विवेदी द्वारा सामूहिक गीत लिया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री श्रीवास्तव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय के सिद्धांत पर आधारित था। उनके विचार आज भी समाज और राष्ट को सही दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि उपाध्याय जी का चिंतन केवल विचार नहीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवन दर्शन है, जो सामाजिक समरसता और राष्ट निर्माण का आधार है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के पुण्य विचारों से प्रेरणा लेकर वर्तमान सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए प्रत्येक स्तर पर निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री आशीष मजूमदार ने किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष द्वय श्रीमती सरोज यादव, संजय राय, जिला प्रवक्ता जमुना पांडे, जिला सोशल मीडिया संयोजक मनोज केशरवानी, कार्यालय प्रभारी राकेश यादव, जर्नादन केवट, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा प्रतिमा पटवा, मंडल अध्यक्ष रोहित वर्मा, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा अंकित शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेश श्रीवास्तव, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सत्यनारायण विश्वकर्मा, पार्षद सुशीला सिंह, अर्चना विश्वकर्मा, चंदा केसरवानी, लक्ष्मी प्रसाद कोरी, गोपाल प्रसाद बुनकर, सावित्री मनहरे, हिमांशु श्रीवास्तव, मनीष सिंह, जलील शाह, महेन्द्र पाल सिंह, विवेक अग्रवाल, राहुल जायसवाल, भूपत सिंह समेत विभिन्न मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पौधरोपण के साथ सुरक्षा का संकल्प

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी



एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र अंतर्गत चरचा आरओ स्थित वीटीसी व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार 4 नई श्रम संहिताओं एवं ओएचएस डब्लू सी कोड 2020 को लेकर एक विशाल जागरूकता अभियान सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कोयला उद्योग से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों को श्रमिक अधिकार, न्यूनतम मजदूरी, समान कार्य के लिए समान वेतन, दुर्घटना क्षतिपूर्ति तथा कार्यस्थल सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में डीएमएस बिलासपुर रीजन 2 के आरके सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

अपने प्रभावशाली संबोधन में उन्होंने बताया कि नेशनल फ्लोर वेजेज कमेटी द्वारा प्रत्येक कार्य के लिए न्यूनतम मजदूरी निर्धारित की जाती है, जिसे किसी भी स्थिति में कम नहीं किया जा सकता। उन्होंने स्पष्ट किया कि चाहे कार्य शासकीय क्षेत्र का हो या निजी, ठेकेदारी व्यवस्था के अंतर्गत हो या छोटे उद्यमों में न्यूनतम मजदूरी का पालन अनिवार्य है। उल्लंघन की स्थिति में संबंधित नियोक्ता के विरूद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान किया गया है। श्री सिंह ने जेंडर इक्वेलिटी पर विशेष जोर देते हुए कहा कि यदि महिला एवं पुरूष कामगार समान कार्य कर रहे हैं, तो वेतन में किसी भी प्रकार का भेदभाव स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने दुर्घटना की स्थिति में श्रमिकों को मिलने वाले कम्पनसेशन एवं सामाजिक सुरक्षा के प्रावधानों की भी विस्तार से जानकारी दी। साथ ही, ओएचएस डब्लू सी कोड 2020 के तहत कार्यस्थल पर सुरक्षित वातावरण तैयार करने की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि उद्योगों में माइंडसेट में बदलाव लाना समय की मांग है और सभी को सुरक्षा नियमों को केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जीवन रक्षा के साधन के रूप में अपनाना चाहिए। उन्होंने जीरो हानि और जीरो दुर्घटना के लक्ष्य को हर स्तर पर लागू करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान डीएमएस बिलासपुर आरके सिंह द्वारा वीटीसी परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में खान प्रबंधन, सुरक्षा विभाग, उत्पादन विभाग एवं कार्मिक विभाग से जुड़े अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इनमें सहक्षेत्र प्रबंधक संजय कुमार, खान प्रबंधक सिमरजीत सिंह, खान सुरक्षा अधिकारी मुकेश केशवानी, कार्मिक प्रबंधक ददन राम, उत्पादन प्रमुख स्वप्निल खरे, खान अभियंता केके मौर्य, टीएमसी प्रमुख भारत डोबरिया, वीटीओ अनिल कुमार सोनकपुरिया, अभिषेक सिंह एवं आकाश ठाकुर प्रबंधक, शुभम कुमार सुरक्षा अधिकारी, प्रबल प्रताप सिंह व प्रेमलाल वैश्य पाली प्रभारी, रमेश साहू, माबेश रिवा, नीरज सिंह तथा अरविन्द कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### महाशिवरात्रि पर कोठीपत्थल में महोत्सव 14 से

**राजपुर।** क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर, कोठीपत्थल (ओकरा) में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भव्य महाशिवरात्रि महोत्सव 2026 का आयोजन किया जा रहा है। ओंकारेश्वर सेवा समिति, ओकरा-राजपुर द्वारा आयोजित इस धार्मिक आयोजन में विकासखण्ड के अलावे क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में भक्तों के शामिल होते हैं ।

## विवेकानंद कालेज में सात दिवसीय विशेष रासेयो शिविर

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर श्राबनी चक्रवती के निर्देशन एवं सरंक्षण में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत महिला इकाई एवं पुरूष इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत कठौतिया के शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में आयोजित किया गया। इस विशेष सात दिवसीय शिविर में स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं के लिए शासकीय प्राथमिक शाला के अतिरिक्त भवन एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में ठहरने की व्यवस्था की गई। प्रथम दिवस के शुभारंभ में उद्घाटन समारोह के अवसर पर आमंत्रित अतिथियों में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती श्राबनी चक्रवर्ती ने शिविर में सम्मिलित राष्टीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा किए जाने वाले सेवा कार्यों एवं राष्टीय सेवा योजना के मूल उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। अपने-अपने उद्बोधन में विशेष शिविर के सात दिनों को इंद्रधनुष के सात रंगों से जोड़ते हुए कहा कि प्रत्येक दिन अलग-अलग रंगों को धारण कर स्वयंसेवक समाज सेवा, सहयोग, सद्भाव एवं आनंद को अपने व्यवहार में उतारें। इसी क्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सरोजबाला श्याग विश्वनोई एवं डॉ. रश्मि तिवारी डॉ. सुशील तिवारी, डॉ. प्रभा राज एवं डॉ. अरुणिमा दत्ता ने भी अपने व्याख्यान में राष्टीय सेवा योजना के महत्व, उद्देश्य पर अपने विचार रखे तथा स्वयंसेवकों को निःस्वार्थ सहयोग एवं सेवा भाव से कार्य करने का संदेश दिया।

## करजी में जिला स्तरीय सरगुजा ओलंपिक



हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

छग शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में 9 फरवरी को कोरिया जिले के ग्राम पंचायत करजी (पटना) स्थित खेल मैदान में जिला स्तरीय सरगुजा ओलंपिक का भव्य एवं गरिमामयी आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भईयालाल राजवाड़े, विधायक एवं पूर्व खेल मंत्री द्वारा छग महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस खेल महाकुंभ में जिले के विकासखंड बैकुंठपुर एवं सोनहत के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में 14 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं तथा 17 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के महिला एवं पुरूष प्रतिभागियों ने कुल 12 खेल विधाओं एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, हॉकी, कुश्ती, कराते, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल एवं रस्साकस्सी में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेता एवं प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण-पत्र, मेडल, मोमेंटो, टी-शर्ट, नेकर एवं पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। अपने उद्बोधन में श्री राजवाड़े ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक एवं मानसिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास एवं टीम भावना का भी विकास करते हैं।

### विधानसभा सत्र के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के षष्ठम विधानसभा का अष्ठम सत्र 23 फरवरी से 20 मार्च तक आहूत किया गया है। सत्र के दौरान प्राप्त होने वाले तारांकित-अतारांकित विधानसभा प्रश्नों, स्थगन, शून्यकाल, आश्वासनों, ध्यानाकर्षण, अशासकीय संकल्प, याचिका आदि की जानकारी निर्धारित समयावधि में शासन को प्रेषित किये जाने हेतु कलेक्टर राजेन्द्र कटारा द्वारा अपर कलेक्टर आरएस लाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## सेजस चरचा का दबदबा महिला-पुरूष वर्ग में अव्वल



**चरचा कॉलरी।** जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग कोरिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सरगुजा ओलम्पिक 2025 के अंतर्गत 9 फरवरी को कोरिया जिले में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बैकुंठपुर विकासखंड़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला एवं पुरूष दोनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में स्वामी आत्मानंद स्कूल चरचा के होनहार खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया और विद्यालय को गौरवान्वित किया। खिलाड़ियों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल है। सेजेस चरचा से विजेता टीम में विकास सोनवानी, अब्दुल, गजेन्द्र, पूर्णिमा, हरमिंदर, रघुवीर, रणवीर और ओम शामिल हैं। जीत हासिल कर लौटे खिलाड़ियों को विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने बधाई प्रेषित की। यह सफलता खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है, जो आने वाले समय में जिले के खेल विकास के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों के निरंतर अभ्यास, टीम भावना और प्रशिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का प्रतिफल है। प्रबंधन ने भविष्य में भी विद्यालय एवं बैकुंठपुर विकासखंड के खिलाड़ी इसी तरह राज्य व राष्टीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करेंगे।

### विधानसभा के दृष्टिगत अवकाश पर प्रतिबंध

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के षष्ठम विधानसभा का अष्टम सत्र सोमवार 23 फरवरी से प्रारंभ होकर शुक्रवार 20 मार्च तक आहुत किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के द्वारा उक्त विधानसभा सत्र के सफल संचालन एवं आवश्यक शासकीय कार्यों के निर्वहन को दृष्टिगत रखते हुए आदेश जारी होने की तिथि से 20 मार्च तक जिले में पदस्थ समस्त शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगाया गया है। विधानसभा सत्र की अवधि में समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने कार्यालय-मुख्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे। अत्यावश्यक कार्य अथवा अपरिहार्य परिस्थितियों में अवकाश पर जाना अथवा मुख्यालय छोड़ना आवश्यक होने की स्थिति में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के अवकाश की स्वीकृति संबंधित विभाग के कार्यालय प्रमुख द्वारा दी जाएगी।

## एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के विद्यार्थी प्रतियोगिता में अव्वल

**सोनहत।** जिले के एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय घुघरा-सोनहत के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कुश्ती, फुटबॉल, खो-खो, कबड्डी, भाला फेंक, गोला फेंक सहित अन्य खेल विधाओं में भाग लेकर कई स्वर्ण पदक अपने नाम किए। इन उपलब्धियों के आधार पर विद्यालय के चयनित खिलाड़ियों ने आगामी क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए भी अपना स्थान सुनिश्चित किया है, जिसका आयोजन अंबिकापुर में किया जाएगा। खिलाड़ियों की इस सफलता से विद्यालय परिवार सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है। इस उपलब्धि के पीछे विद्यालय के शारीरिक शिक्षा शिक्षक अजय कुमार एवं शकुंतला राजवाड़े का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके कुशल मार्गदर्शन, निरंतर अभ्यास एवं अनुशासित प्रशिक्षण के परिणामस्वरूप विद्यार्थियों ने यह सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के प्राचार्य वीके सिंह ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता विद्यालय के लिए गर्व का विषय है।



DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



23 जून, 7 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector- 4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411